पंजीकृत अति आवश्यक /महत्वपूर्ण

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, प्रभाग सीतापुर।

पत्रांक 312 /141 दिनांक, सीतापुर 19-07- 2019।

सेवा में,

कार्य पालक इंजीनियर (निर्माण)
डी0 आर0 एम0 ऑफिस कॉम्प्लेक्स
मुरादाबाद।

विषयः– **जनपद सीतापुर के अन्तर्गत रोजा–सीतापुर रेल मार्ग के कि0मी संख्या 00.00 से 80.30 तक दोहरीकरण कार्य हेतु 51.7248 हे0 संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी कार्य की अनुमति हेतु प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भः– आपका पत्रांक **161w/Dy.CE/C/MB** दिनांक 29.06.2019 व इस कार्यालय का पत्रांक 32/14–1 दिनांक 01.07.2019,पत्रांक 67/14–1 दिनांक 03.07.2019, पत्रांक 150/14–1 दिनांक 10.07.2019,प्रताप्र

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा जनपद सीतापुर के अन्तर्गत रोजा–सीतापुर रेलवे लाईन के किनारे चौडीकरण से प्रभावित संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी प्रयोग व चौडीकरण में बाधक वृक्षों के पातन की अनुमति हेतु प्रस्ताव में पायी गयी कमियों का निराकरण कर अभिलेख उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी परन्तु आप द्वारा आज दिनांक 19.07.2019 तक कमियों का निराकरण कर वांछित अभिलेख इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराये गये है। जबकि दिनांक 17.07.2019 को आप द्वारा इस कार्यालय में उपस्थित होकर दो दिनों के अन्दर कमियों का निराकरण कर वांछित अभिलेख उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया गया था। आप अवगत है कि उच्च स्तर पर लगातार प्रकरण की समीक्षा की जा रही है।

उक्त सम्बन्ध में आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि आप कमियों का निराकरण करते हुये संशोधित प्रस्ताव अविलम्ब इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे प्रकरण में ससमय अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

**(डॉ अनिरूद्ध पाण्डेय)**
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग
19/7/19 सीतापुर

पत्रांक / उक्तदिनांकित।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

**(1)** मुख्य वन संरक्षक लखनऊ मण्डल उत्तर प्रदेश लखनऊ।
**(2)** मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ।
**(3)** वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता द्वितीय, उत्तर रेलवे मुरादाबाद।
**(4)** क्षेत्रीय वनाधिकारी, महोली, को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रभावित वन भूमि तथा वृक्षों की गणना कर संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट अविलम्ब इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**(डॉ अनिरूद्ध पाण्डेय)**
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग
सीतापुर